# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए लगातार तीसरे दिन श्रद्धालुओं का महाकुंभ नगर में आना जारी है। पौष पूर्णिमा पर तेरह जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में सिर्फ तीन दिनों के भीतर पांच करोड़ से अधिक लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इस बार के दिव्य, भव्य और डिजिटल महाकुंभ में बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु और पर्यटक भी शामिल हो रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ दो हजार पच्चीस ने दुनियाभर में उत्सुकता जगाई है। विभिन्न महाद्वीपों के लोग सक्रिय रूप से इस भव्य आयोजन के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, इसके महत्व को समझने और इसकी आध्यात्मिक जीवंतता में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। इस वैश्विक जिज्ञासा को पूरा करने के लिए, सरकार ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस को डिजिटल महाकुंभ के रूप में प्रस्तुत किया है। इस पहल का केंद्रबिंदु आधिकारिक वेबसाइट कुंभ डॉट जीओवी डॉट इन है जो महाकुंभ के सभी पहलुओं पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है। इस बार पंद्रह लाख से ज्यादा विदेशी सेलानियों का महाकुंभ में आने का अनुमान है। आनंद कुमार के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभ नगर, प्रयागराज।***

हमारे प्रयागराज प्रतिनिधि ने बताया है कि दस देशों के इक्कीस सदस्यों का दल कल सुबह त्रिवेणी संगम में स्नान करेगा। इसमें फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस बीच, महाकुंभनगर में दो दिनों के पवित्र स्नान के बाद आज से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान घाटों की स्वच्छता पर विशेष जोर है।

**********

महाकुंभ में पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति का स्नान करने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच गये हैं। वहां आज दिन में श्रद्धालु तीन किलोमीटर से अधिक की दूरी तक पंक्तिबद्ध होकर श्रीराम मंदिर में दर्शन पूजन करते रहे। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया है कि प्रशासन ने अयोध्या में आज पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। उधर, काशी विश्वनाथ धाम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर दर्शन पूजन कर रहे हैं। जिलाधिकारी एस राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ एस चिनप्पा ने आज विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस बीच, उत्तर रेलवे भी जम्मू के श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन कटरा से प्रयागराज के बीच चौबीस जनवरी, सात फरवरी और चौदह फरवरी को विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। यह सभी रेलगाड़ियां अगले ही दिन कटरा के लिए वापस लौट जाएंगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आज करीब डेढ़ सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

**********

अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में सत्रह जनवरी तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। वहां से भारतीय जनता पार्टी ने भी चंद्रभान पासवान को कल अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस बीच, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

**नामांकन के बाद सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने कहा कि पार्टी की पूरी तैयारी है, समाजवादी पार्टी ही चुनाव जीतेगी । दूसरी तरफ भाजपा ने मिल्कीपुर में नए चेहरे चंद्रभान पासवान को मैदान में उतारा है,जो कल अपना नामांकन पर्चा भरेंगे ।उधर, सपा से टिकट न मिलने के बाद बगावत करते हुए सूरज चौधरी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था,जिसके बाद सूरज चौधरी को आजाद समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

इस सीट पर पांच फरवरी को मतदान होगा, जबकि वोटों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी।

**********

प्रदेश में कोहरे, शीतलहर और ठंड के कारण जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। कई जिलों में आज भी स्कूल बंद रहे। एक रिपोर्ट–

**जौनपुर और अयोध्या जिले में अठारह जनवरी तक ,जबकि सुल्तानपुर जिले में उन्नीस जनवरी तक कक्षा आठवीं तक के विद्यालय बंद रहेंगे। कोहरे के कारण बसों और ट्रेनों की रफ्तार भी कम हो गई है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अगले दो दिनों तक घने कोहरे की चेतावनी जारी किया है। विभाग के अनुसार गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज और बस्ती समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज और अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, मथुरा, बुलंदशहर समेत एक दर्जन से अधिक जिलों में आज से लेकर कल तक बहुत हल्की बूंदाबांदी और कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश की भी संभावना है।

**********